2022/234

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — बनाम — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री पी.एम .सिंघदेव
निवासी 7/8 गीता विहार हरि मार्ग
सेक्टर 22 महाराणा प्रताप सर्किल के पास
प्रताप नगर जगतपुरा जिला जयपुर।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005

मुकदमा नं.32 वर्ष 2022

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
16.05.2022	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि निगरानी संख्या 1999/2020 के सम्बन्ध में सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि निगरानी संख्या 1999/2020 के सम्बन्ध में सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली का अवलोकन करने पर यह प्रतीत होता हे कि लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही के द्वारा उक्त सूचना तहसीलदार सिरोही से सम्बन्धित होने से अपीलांट का मूल आवेदन तहसीलदार सिरोही को स्थानान्तरित कर दिया एवं तहसीलदार सिरोही द्वारा निर्धारित समयावधि में अपीलांट को सूचना उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार सिरोही को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट को चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें । यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें । पत्रावली [illegible] होकर [illegible] जमा हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhanwar Lal Date: 2023.03.01 13:13:40 IST Reason: SelfAttested (भंवर लाल) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned with CamScanner